## मैगज़ीन टेस्ट के उत्तर
## *(Magazine Test Answer Key)*

**Magazine Test**
**Date : 13 October, 2024**

| Q. No. | Answer | Q. No. | Answer | Q. No. | Answer | Q. No. | Answer |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (d) | 26. | (a) | 51. | (b) | 76. | (b) |
| 2. | (d) | 27. | (c) | 52. | (a) | 77. | (b) |
| 3. | (b) | 28. | (d) | 53. | (b) | 78. | (c) |
| 4. | (b) | 29. | (a) | 54. | (c) | 79. | (c) |
| 5. | (a) | 30. | (b) | 55. | (a) | 80. | (a) |
| 6. | (b) | 31. | (d) | 56. | (c) | 81. | (a) |
| 7. | (a) | 32. | (c) | 57. | (c) | 82. | (a) |
| 8. | (b) | 33. | (b) | 58. | (c) | 83. | (b) |
| 9. | (d) | 34. | (d) | 59. | (d) | 84. | (d) |
| 10. | (a) | 35. | (c) | 60. | (a) | 85. | (b) |
| 11. | (b) | 36. | (c) | 61. | (b) | 86. | (a) |
| 12. | (d) | 37. | (a) | 62. | (a) | 87. | (a) |
| 13. | (a) | 38. | (d) | 63. | (a) | 88. | (c) |
| 14. | (d) | 39. | (d) | 64. | (d) | 89. | (a) |
| 15. | (c) | 40. | (d) | 65. | (c) | 90. | (c) |
| 16. | (a) | 41. | (c) | 66. | (b) | 91. | (d) |
| 17. | (b) | 42. | (a) | 67. | (a) | 92. | (a) |
| 18. | (d) | 43. | (a) | 68. | (b) | 93. | (c) |
| 19. | (b) | 44. | (b) | 69. | (d) | 94. | (b) |
| 20. | (c) | 45. | (c) | 70. | (b) | 95. | (b) |
| 21. | (c) | 46. | (c) | 71. | (b) | 96. | (a) |
| 22. | (d) | 47. | (a) | 72. | (a) | 97. | (b) |
| 23. | (c) | 48. | (d) | 73. | (b) | 98. | (c) |
| 24. | (d) | 49. | (b) | 74. | (c) | 99. | (b) |
| 25. | (c) | 50. | (d) | 75. | (b) | 100. | (b) |


641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009 | 21, पूसा रोड, करोल बाग, नई दिल्ली | 13/15, ताशकंद मार्ग, निकट पत्रिका चौराहा, सिविल लाइन्स, प्रयागराज | प्लॉट नंबर-45 व 45-A हर्ष टावर-2, मेन टोंक रोड, वसुंधरा कॉलोनी, जयपुर | 47/CC, बर्लिंगटन आर्केड मॉल, विधानसभा मार्ग, लखनऊ | 12, मेन ए.बी. रोड, भँवर कुआँ, इंदौर, मध्य प्रदेश
**Phone:** 8750187501 :: www.drishtiIAS.com

*Copyright – Drishti The Vision Foundation*

Magazine Test
Date : 13 October, 2024

# उत्तर व्याख्यासहित

## करेंट अफेयर्स टुडे

**1. (d)**

**व्याख्या:** बांग्लादेश में अक्तूबर 2022 में चुनाव नहीं हुए। 2023 के अंत और 2024 की शुरुआत में चुनाव हुए थे। खालिदा जिया की पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (BNP) ने इन चुनावों का बहिष्कार किया था, क्योंकि वे चुनाव आयोग और मौजूदा सरकार पर निष्पक्ष चुनाव कराने में असमर्थ होने का आरोप लगा रहे थे।

- आवामी लीग, जो शेख हसीना के नेतृत्त्व में है, ने इन चुनावों में जीत दर्ज की थी और वर्तमान में विरोधी आंदोलनों के कारण वहाँ पर नोबल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस की अगुवाई वाली अंतरिम सरकार है।

**इसलिये सही उत्तर है: (d) न तो 1, न ही 2**

**2. (d)**

**व्याख्या:** 'रीस्टेटमेंट ऑफ वैल्यूज ऑफ ज्यूडिशियल लाइफ' दस्तावेज़ कानूनी रूप से बाध्यकारी नहीं है। यह केवल न्यायाधीशों के लिये एक आचार संहिता है, जिसे नैतिक दिशा-निर्देश के रूप में माना जाता है, न कि कानून के रूप में।

**इसलिये सही उत्तर है: (d) यह कानूनी रूप से बाध्य है।**

**3. (b)**

**व्याख्या:** वक्फ बोर्ड संपत्ति अर्जित, रख और हस्तांतरित कर सकता है। वक्फ घोषित संपत्ति अहस्तांतरणीय हो जाती है। भारत में वक्फ अधिनियम 1995 द्वारा विनियमित हैं, न कि 1955।

**सही उत्तर: (b) केवल दो**

**4. (b)**

**व्याख्या:** डिजिटल व्यक्तिगत डाटा संरक्षण अधिनियम, 2023 और GDPR आंशिक रूप से भूल जाने का अधिकार सुनिश्चित करते हैं। सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2021 इस अधिकार को पूर्ण रूप से लागू नहीं करता है।

**सही उत्तर: (b) मौलिक अधिकार**

**5. (a)**

**व्याख्या:** भारत में आश्रय का अधिकार अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार के व्यापक दायरे में आता है, जो जीवन और स्वतंत्रता की सुरक्षा करता है। यह अनुच्छेद 21 की व्यापकता को भी बढ़ाता है।

**सही उत्तर: (a) अनुच्छेद 21**

**6. (b)**

**व्याख्या:** अनुच्छेद 239AA दिल्ली विधानसभा के गठन और अधिकारों का प्रावधान करता है। इसे 1991 में 69वें संविधान संशोधन के तहत लागू किया गया था, न कि 1971 में। यह दिल्ली एवं केंद सरकार के राजनीतक संबंधों को भी संदभित करता है।

**सही उत्तर: (b) केवल दो**

**7. (a)**

**व्याख्या:** हाल ही में उच्चतम न्यायालय के एक निर्णय के अनुसार, SC/ST उप-वर्गीकरण के तहत राज्य 15% आरक्षण कोटे के भीतर SC वर्गीकरण कर सकते हैं, साथ ही इस निर्णय में कोर्ट ने कहा है कि SC/ST आरक्षण में भी क्रीमी लेयर सिद्धांत लागू किया जाना चाहिये।

**सही उत्तर: (a) केवल 1**

**8. (b)**

**व्याख्या:** महाराष्ट्र विशेष लोक सुरक्षा विधेयक, 2024 किसी संगठन को विधिविरुद्ध घोषित कर सकता है, जबकि UAPA के तहत राज्य सरकार ऐसा नहीं कर सकती। UAPA के अंतर्गत यह अधिकार केंद्र सरकार को प्राप्त है। अत: दोनों कथन सही हैं परंतु व्याख्या नहीं करता है।

**सही उत्तर: (b)**

**9. (d)**

**व्याख्या:**

- 2015 के संशोधन ने खनिज रियायतों की नीलामी अनिवार्य की। 2021 के संशोधन ने कैप्टिव और मर्चेंट खदानों के बीच अंतर को समाप्त किया। 2023 के संशोधन में दुर्लभ खनिजों को मान्यता दी गई।
- भविष्य की प्रौद्योगिकियों के लिये लिथियम, ग्रेफाइट कोबाल्ट टाइटेनियम और दुर्लभ मृदा तत्त्वों को मान्यता दी है।

**सही उत्तर: (d) 1, 2 और 3 सभी**


Copyright – Drishti The Vision Foundation

**10. (a)**

**व्याख्या:** राष्ट्रीय स्वास्थ्य लेखा के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2021-22 में आउट-ऑफ-पॉकेट स्वास्थ्य व्यय का अनुमानित प्रतिशत 39.4% था।

- 2014-15 में OOPE 62.6% था। उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में यह 71.3% तक था।

**सही उत्तर: (a) 39.4%**

**11. (b)**

**व्याख्या:** ILO और CITI द्वारा कार्यस्थल पर मौलिक सिद्धांत और अधिकार नहीं विकसित किया गया बल्कि हाल ही में इसे प्रारंभ किया गया है। ILO ने 1998 में इस पर घोषणा की थी, न कि 1948 में।

- ILO द्वारा इसमें 2022 में संशोधन करके श्रम मानकों की चार श्रेणियों के स्थान पर पाँच श्रेणियाँ कर दी गई।
    1. संगठन बनाने एवं सामूहिक सौदेबाजी
    2. बलात् श्रम का उन्मूलन
    3. बाल श्रम का उन्मूलन
    4. रोजगार और व्यवसाय भेदभाव का उन्मूलन
    5. सुरक्षित एवं स्वस्थ कार्य परिवेश

**सही उत्तर: (b) कथन 2 सही नहीं है।**

**12. (d)**

**व्याख्या:** बाल श्रम की रोकथाम से संबंधित सभी चार विकल्प-बाल श्रम अधिनियम 1986, फैक्ट्री अधिनियम 1948, पेंसिल पोर्टल, और ILO अभिसमय का अनुसमर्थन-सही हैं।

- राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्युरो के अनुसार 2021 में बालश्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 के अंतर्गत 982 मामले दर्ज किये गए।
- जनगणना 2011 के अनुसार भारत में 10.1 मिलियन बाल श्रमिक थे।

**सही उत्तर: (d) सभी चार**

**13. (a)**

**व्याख्या:** भारत में TOD नीति 2017 में शुरू की गई थी, लेकिन 50 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों के लिये पारगमन उन्मुख विकास योजना की स्वीकृति नहीं मिली है। यह 30 लाख से अधिक आबादी वाले 14 बड़े शहरों में लागू होगी।

- पारगमन उन्मुख विकास (TOD) में निम्न को सम्मिलित किया गया है-
    1. सार्वजनिक परिवहन उन्मुख विकास एवं हरित गतिशीलता को बढ़ावा
    2. पैदल चलने हेतु उपयुक्त सरंचना एवं वातावरण का निर्माण
    3. सघन सड़क नेटवर्क का विकास
    4. समावेशी आवास सुविधा का विकास
    5. कमजोर समूहों हेतु मनोरंजन स्थल एवं सुरक्षा सुनिश्चित करना

**सही उत्तर: (a) केवल 1**

**14. (d)**

**व्याख्या:** ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव के अनुसार परिधान क्षेत्र में गिरावट दर्ज की गयी है। 2021 में उत्पादन आधारित प्रोत्साहन नीति लागू की गई थी।

- GTRI की इस रिपोर्ट में अन्य प्रमुख मुद्दे निम्नवत् है-
    1. परिधान निर्यात मूल्य में गिरावट दर्ज की गयी है।
    2. कच्चे माल के आयात पर भारी शुल्क का सामना करना पड़ रहा है।
    3. 2021 में प्रारंभ PLI ने पर्याप्त निवेश आकर्षित नहीं किया है।
    4. 2023 में भारत में परिधान क्षेत्र में आयात में वृद्धि हुई।
    5. वैश्विक बाज़ार में सिंथेटिक वस्त्रों ने चुनौती प्रस्तुत की है।

**सही उत्तर: (d) अत: कथन-1 सही नहीं है परंतु कथन-2 सही हैं**


Copyright – Drishti The Vision Foundation

15. (c)

**व्याख्या:** राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण में सर्विस कॉन्ट्रैक्ट मॉडल का उपयोग नहीं होता, बल्कि BOT मॉडल का उपयोग होता है।

PPP मॉडल के प्रकार

- बिल्ट ऑपरेट ट्रांसफर (BOT)-निजी कंपनी डिजाइन एवं संचालन (नियत समय तक) करती है तथा सार्वजनिक क्षेत्र को ट्रांसफर कर देती है। NHAI राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण इसी मॉडल पर आधारित है।
- बिल्ट ओन ऑपरेट (BOO)- स्वामित्व निजी कंपनी के पास होता है।
- बिल्ट ओन ऑपरेट ट्रांसफर (BOOT)
- बिल्ट ओन-लीज-ट्रांसफर (BOLT)
- लीज-डेवलप-ऑपरेट (LDO)
- इंजिनियरिंग-खरीद-निर्माण (EPC)

**सही उत्तर: (c) सर्विस कॉन्ट्रैक्ट मॉडल**

16. (a)

**व्याख्या:** मोंटे कैसिनो युद्ध स्मारक, डोबरी महाराज, स्मारक, कोल्हापुर स्मारक एवं अज्ञात सैनिकों की समाधि पोलैंड से संबंधित है।

- हाल ही पोलैंड यात्रा के दौरान भारतीय प्रधानमंत्री द्वारा उपर्युक्त स्थलों का दौरा किया।
- इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के मध्य एक पाँच वर्षीय कार्ययोजना (2024-2028) पर सहमति बनी।

**सही उत्तर: (a) पोलैंड**

17. (b)

**व्याख्या:** भारत-बांग्लादेश द्विपक्षीय साझेदारी से संबंधित केवल अगरतला-अखौरा और खुलना-मोंगला लिंक हैं।

- बुनियादी ढाँचे एवं कनेक्टिविटी हेतु भारत ने 2016 में सड़क, रेल और बंदरगाह परियोजनाओं के विकास हेतु बांग्लादेश को 8 बिलियन अमेरिकी डॉलर का ऋण दिया था।

**सही उत्तर: (b) केवल दो**

18. (d)

**व्याख्या:** अड्डू रिक्लेमेशन और शोर प्रोटेक्शन प्रोजेक्ट, और अड्डू डेटोर लिंक ब्रिज मालदीव से संबंधित हैं।

हाल ही में भारतीय विदेश मंत्री एस. जयसंकार ने मालदीव यात्रा के दौरान उपर्युक्त परियोजनाओं का उद्घाटन किया।

**अन्य परियोजनाएँ**

- ग्रेटर माले कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट (GMCP)
- सिविल सेवकों हेतु क्षमता निर्माण समझौता
- सामुरायिक विकास परियोजनाओं का विकास
- प्रधानमंत्री मोदी के 'एक पेड़ माँ के नाम' योजना का मालदीव में प्रारंभ

**सही उत्तर: (d) मालदीव**

19. (b)

**व्याख्या:** भारत में 'पड़ोसी प्रथम नीति' 2008 में अस्तित्व में आयी।

- बजट 2024-25 में विदेश मंत्रालय ने रणनीतिक साझेदों एवं पड़ोसी देशों के दृष्टिगत अपनी विकास योजनाएँ तैयार की है।
- यह नीति भारत के पड़ोसी देशों के साथ संबंधों एवं नीतियों को प्राथमिकता देने एवं प्रबंधित करने पर आधारित है।

**सही उत्तर: (b) केवल 2**

20. (c)

**व्याख्या:** मलेशिया एक्ट ईस्ट पॉलिसी का हिस्सा है, तथा हरीमऊ शक्ति और अन्य सैन्य अभ्यास भारत और मलेशिया के बीच सैन्य सहयोग को बढ़ावा देते हैं। हाल ही में मलेशिया के प्रधानमंत्री ने भारत की यात्रा की और ररणनीतिक साझेदारी पर सहमति व्यक्त की। अनुच्छेद 370, CAA आदि मुद्दों पर मलेशिया के रूख से दोनों देशों के संबंधों में खटास आयी थी।

**सही उत्तर: (c) 1 और 2 दोनों।**

21. (c)

**व्याख्या:** भारत के प्रधानमंत्री ने अगस्त 2024 में यूक्रेन की यात्रा की, तथा 4 भीष्म क्यूब को आरोग्य मैत्री पहल के अंतर्गत यूक्रेन को प्रदान किया। इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के मध्य कृषि, खाद्य उद्योग, चिकित्सा एवं सांस्कृतिक सहयोग जैसे चार क्षेत्रों में समझौता हुआ।

**सही उत्तर: (c) सभी**


Copyright – Drishti The Vision Foundation

**22. (d)**

**व्याख्या:** साइटोजेनेटिक, जैव-रासायनिक, आणविक और माइक्रोएरे सभी आनुवंशिक परीक्षण के रूप हैं।

- साइटोजेनिक परीक्षण पूरे गुण सूत्रों की जाँच करता है।
- जैव-रासायनिक परीक्षण जीन द्वारा उत्पादित प्रोटीन को मापता है।
- आणविक परीक्षण सूक्ष्म DNA उत्परिवर्तन को मापता है।
- माइक्रो ऐरे परीक्षण एक साथ हजारों जीनों की पहचान कर सकता है। इसका उपयोग कैंसर रिसर्च में होता है।

**सही उत्तर: (d) 1, 2, 3 और 4 सभी**

**23. (c)**

**व्याख्या:** नाइट्रोजन उर्वरक नाइट्रस ऑक्साइड का प्रमुख स्रोत है। भारत विश्व का दूसरा सबसे बड़ा नाइट्रस आक्साइड ($N_2O$) का स्रोत है।

- नाइट्रोजन उर्वरक वायु में नाइट्रस ऑक्साइड और अमोनिया प्रदूषण तथा जल में नाइट्रेट/अमोनियम प्रदूषण का प्रमुख स्रोत हैं।
- नाइट्रस ऑक्साइड एक ग्रीन हाउस गैस है जो $CO_2$ की तुलना में वायुमण्डल को कहीं अधिक गरम करता है।

**सही उत्तर: (c) 1 और 2 दोनों**

**24. (d)**

**व्याख्या:** सभी युग्म सही सुमेलित हैं।

- बायो फोर्टिफिकेशन वह प्रक्रिया है जिसके अंतर्गत खाद्य फसलों में पोषक तत्वों की सघनता को पारंपरिक पादप प्रजनन, उन्नत कृषि पद्धतियों और आधुनिक जैव प्रौद्योगिकी के माध्यम से बढ़ाया जाता सकता है।

**सही उत्तर: सभी चार**

**25. (c)**

**व्याख्या:** मंकीपॉक्स ओर्थोपोक्स वायरस वंश से संबंधित है। इसे हाल ही में WHO द्वारा अंतर्राष्ट्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात काल घोषित किया गया है। मंकीपॉक्स एक दुर्लभ जुनाकटिक वायरल रोग है। जुनोटिक रोग पशुओं से मुनष्यों में फैलते हैं।

**सही उत्तर: (c) ओर्थोपोक्स वायरस**

**26. (a)**

**व्याख्या:** भारत R&D पर अपने GDP का 1% से कम खर्च करता है 2021 में यह केवल .7% था। लेकिन निजी क्षेत्र का योगदान दो-तिहाई से कम है। यह खर्च औसत वैश्विक खर्च (1.8%) से भी कम है। R&D में निजी क्षेत्र का योगदान 37% के आस पास है।

**सही उत्तर: (a) केवल 1**

**27. (c)**

**व्याख्या:** MTCR, 300 किमी. से अधिक दूरी एवं 500 kg पेलोड वाले अनमैन्ड वेहिकल के प्रसार को रोकने हेतु एक अंतर्राष्ट्रीय संधि है। अन्य सभी विकल्प सही है। दोहरे उपयोग वाली वस्तुएं/प्रौद्योगिकी नागरिक एवं सैन्य दोनों के द्वारा उपयोग की जा सकती हैं।

**सही उत्तर: (c)**

**28. (d)**

**व्याख्या:** नाभिकीय सामग्री, दूरसंचार, मिसाइल तकनीक और कंप्यूटर सॉफ्टवेयर सभी SCOMET के अंतर्गत सूचीबद्ध हैं। SCOMET (Special Chemicals, Organisms, Materials, Equipment and Technologies)

**सही उत्तर: (d) 1, 2, 3 और 4 सभी**

**29. (a)**

**व्याख्या:** वृक्षों के अतिक्रमण से पक्षियों की संख्या नहीं बढ़ती, बल्कि जैवविविधता प्रभावित होती है।

- घास के मैदान एवं सावना उष्ण एवं उपोष्ण कटिबंधीय क्षेत्रों में फैले हैं। ये पारिस्थितिकी पृथ्वी के लगभग 40% भूभाग पर आच्छादित है।

**सही उत्तर: (a) केवल 1 और 3**

**30. (b)**

**व्याख्या:** कोसी-मेची लिंक एवं गंगा (फरक्का)-दामोदर-सुवर्ण रेखा लिंक हिमालयी नदी जोड़ों परियोजना घटक के अंतर्गत आता है।

- नदियों को जोड़ने से संबंधित 30 परियोजनाओं को स्वीकृति दी गयी है जिसमें 16 परियोजनाएं प्रायद्वीपीय घटक के अंतर्गत एवं 14 परियोजनाएं हिमालयी घटक के अंतर्गत आती है।

**सही उत्तर: (b) केवल दो**



Copyright – Drishti The Vision Foundation

31. (d)

**व्याख्या:** समुद्री शैवाल में पोषक तत्त्व होते हैं, समुद्री शैवाल मिशन-2021 का उद्देश्य कृषि व्यवसायीकरण है, और समुद्री शैवाल संसाधन भारत के तमिलनाडु, गुजरात एवं लक्षद्वीप तथा अंडमान एवं निकोबार में प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं।

**सही उत्तर: (d) 1, 2, 3 सभी**

32. (c)

**व्याख्या:** UNESCO की रिपोर्ट ने जलवायु आघात के दीर्घकालिक प्रभावों पर प्रकाश डाला है।

- पिछले 20 वर्षों में 75% विषम मौसमी घटनाओं से स्कूल बंद हुए।

**उत्तर: (c) 1 और 2 दोनों**

33. (b)

**व्याख्या:**

(1) दक्षिण-पूर्व एशिया में एक-तिहाई मैंग्रोव हैं। परंतु इसका 80% से अधिक हिस्सा इंडोनेशिया में नहीं है।

(2) रिपोर्ट में झींगा पालन को मैंग्रोव क्षरण का प्रमुख कारण बताया गया है।

**उत्तर: (c) केवल 2**

34. (d)

**व्याख्या:** स्खलन/स्लाइड, प्रवाह/फ्लो, फैलाव/स्प्रेड, अप्रपात/टॉपलन प्रपात/फॉल्स सभी पाँच भूस्खलन के प्रकार हैं।

**उत्तर: (d) सभी पाँच**

35. (c)

**व्याख्या:** माधव गाडगिल समिति ने पश्चिमी घाट को ESA के अंतर्गत लाने की अनुशंसा की थी।

- पश्चिमी घाट भूकंपीय क्षेत्र-V में नहीं है।

**उत्तर: (c) केवल कथन-I सही है**

36. (c)

**व्याख्या:** हाल ही में अशोक सी माउंट चन्द्रगुप्त रिज और कल्पतरु कटक हिंद महासागर में उच्चावच संरचनाओं के रूप में नामित हुए हैं।

**उत्तर: (c) केवल तीन**

37. (a)

**व्याख्या:** हाइड्रोग्राफिक संगठन (IHO) की स्थापना 1921 में हुई थी, तथा भारत इसका संस्थापक सदस्य है। इसलिये, कथन 1 गलत है। **तथा कथन 2 सही है। अतः उत्तर (a) सही है।**

38. (d)

**व्याख्या:** हाल ही में "एकीकृत अग्नि प्रबंधन स्वैच्छिक दिशा-निर्देश" खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO) द्वारा जारी किये गए हैं। **सही विकल्प (d) खाद्य एवं कृषि संगठन है।**

39. (d)

**व्याख्या:** जलवायु परिवर्तन के कारण ध्रुवीय बर्फ के पिघलने से पृथ्वी की घूर्णन गति प्रभावित होती है। भूजल का ह्रास, टॉर्शनल वेव्स, आकाशीय पिंडों का प्रभाव, और पृथ्वी की आंतरिक गतिशीलता सभी अन्य कारक हैं। **सही विकल्प (d) सभी चार है।**

40. (d)

**व्याख्या:** गंगा नदी का मार्ग भूकंप के कारण बदलने के साक्ष्य में सैंडडाइक्स, OSL प्रयोग का सत्यापन, और विकृत अवसादी तल शामिल हैं। **सही विकल्प (d) है।**

41. (c)

**व्याख्या:** हाल ही में IIM बंगलूरु के एक अध्ययन के अनुसार, समान शिक्षा और सामाजिक पूंजी के स्तर के बावजूद दलित व्यवसाय मालिकों को आय में असमानता का सामना करना पड़ता है। **सही विकल्प (c)**

42. (a)

**व्याख्या:** भारतीय समाज में दलित समुदाय का हिस्सा लगभग 16.6% है, और 1935 में ब्रिटिश प्रशासन ने उन्हें "अनुसूचित जातियाँ" के रूप में मान्यता दी। **सही विकल्प (a) कथन (1) सही है।**

43. (a)

**व्याख्या:** आत्महत्या रोकथाम के राष्ट्रीय रणनीति का लक्ष्य 2030 तक आत्महत्या मृत्यु दर को 10% तक कम करना है। 2022 में सबसे अधिक आत्महत्याएँ महाराष्ट्र में हुईं। **सही विकल्प (a) है।**


Copyright – Drishti The Vision Foundation

**44. (b)**

**व्याख्या:** वृद्धजनों की आबादी और पेंशन योजना

- 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत में वृद्धजनों की आबादी 8.6% है। अटल पेंशन योजना 18-40 वर्ष की आयु के व्यक्तियों के लिये है। तीसरा कथन गलत है। **सही विकल्प (b) केवल दो है।**

**45. उत्तर (c)**

**व्याख्या:** स्वास्थ्य एवं कानून व्यवस्था मुख्य रूप से राज्य का विषय है, और NCRB के डेटा के अनुसार महिलाओं के खिलाफ आम अपराधों में ससुराल वालों द्वारा क्रूरता और अपहरण शामिल हैं। दोनों कथन सही हैं। **सही विकल्प (c) 1 और 2 दोनों है।**

**46. (c)**

**व्याख्या:** वर्ष 2022 में भारत में महिला कैंसर रोगियों का अनुपात पुरुषों से अधिक था, तथा महिलाओं में स्तन कैंसर का अनुपात सबसे अधिक था। **पुरुषों में फेफड़े के कैंसर का प्रतिशत अधिक है। सही विकल्प (c) है।**

**47. (a)**

**व्याख्या:** नागार्जुनकोंड, सातवाहनों का संरक्षण, जातक कथाओं का चित्रण, और पलनाद संगमरमर पत्थर का उपयोग अमरावती कला शाखा से संबंधित है। **सही विकल्प (a) केवल तीन है।** चित्तीदार लाल बलुआ पत्थरों का प्रयोग इससे संबंधित नहीं हैं।

**48. (d)**

**व्याख्या:** बलिया, तामलुक एवं सतारा में समानांतर सरकारें, क्रिप्स मिशन, द्वितीय विश्व युद्ध, और भारत छोड़ो आंदोलन का सही कालानुक्रम 3-2-4-1 है। **सही विकल्प (d) 3-2-4-1 है।**

**49. (b)**

**व्याख्या:** युग्मों में से हजरत निजामुद्दीन औलिया सूफी संत, अमीर खुसरो कव्वाली के जन्म दाता, सही सुमेलित है। **सही विकल्प (b) केवल दो है।**

**50. (d)**

**व्याख्या:** नेटाल इंडियन कॉन्ग्रेस की स्थापना महात्मा गांधी के प्रस्ताव पर 1894 में हुई थी। एशियाई पंजीकरण अधिनियम के खिलाफ सत्याग्रह 1906 में हुआ था। दोनों कथन गलत हैं। **सही विकल्प (d) है।**

**51. (b)**

**व्याख्या:** सीमा सुरक्षा के सिद्धांत

- "एक सीमा, एक सीमा सुरक्षा बल" के सिद्धांत के अनुसार बांग्लादेश और पाकिस्तान की सीमा BSF द्वारा, चीन की सीमा ITBP द्वारा, नेपाल और भूटान की सीमा SSB द्वारा, और म्यांमार की सीमा असम राइफल्स द्वारा देखी जाती है। **सही विकल्प (b) है।**

**52. (a)**

**व्याख्या:** पैंगोंग त्सो झील का पूर्वी छोर तिब्बत में है। भारत का कहना है कि LAC इस झील की फिंगर 8 से गुजरती है। **सही विकल्प (a) है।**

**53. (b)**

**व्याख्या:** भारत में टीकाकरण से संबंधित तीन प्रमुख कथन हैं। पहले कथन के अनुसार, यूनिवर्सल इम्युनाइजेशन प्रोग्राम (UIP) के तहत मिशन इंद्रधनुष की शुरुआत 2014 में की गई थी। दूसरा कथन बताता है कि भारत को 2014 में पोलियो मुक्त प्रमाणित किया गया। तीसरा कथन कहता है कि खसरा, रोटावायरस, और जापानी एन्सेफलाइटिस को भी मिशन इंद्रधनुष के अंतर्गत शामिल किया गया है। इन तीनों कथनों की जांच करने पर, दो कथन सही हैं। **इसलिये सही विकल्प है (b) 2 और 3।**

**54. (c)**

**व्याख्या:** बजट 2024-25 में घोषित पूर्वोदय पहल के अंतर्गत 5 राज्यों की चर्चा की गई है: बिहार, झारखंड पश्चिम बंगाल, ओडिशा, और आंध्र प्रदेश। इस पहल का उद्देश्य इन राज्यों में विकास और सामाजिक समृद्धि को बढ़ावा देना है। **इसलिये सही विकल्प है (c)**

**55. (a)**

**व्याख्या:** पहले युग्म में कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध एवं निवारण) अधिनियम 2013 में आया। दूसरे युग्म में यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पॉस्को) 2012 में लागू हुआ। तीसरे युग्म में बाल विवाह प्रतिबंध अधिनियम 2006 में आया। **इसलिये सही विकल्प है (a)**

**56. (c)**

**व्याख्या:** जाति आधारित आरक्षण के संदर्भ में दिये गए युग्मों में सरकारी शिक्षण संस्थान के लिये अनुच्छेद 15-(4), (5) और (6), सरकारी नौकरियों के लिये अनुच्छेद 16-(4) और (5), और संघ एवं राज्य विधानमंडल के लिये अनुच्छेद 334 का उल्लेख है। ये सभी युग्म सही सुमेलित हैं। **इसलिये सही विकल्प है (c) सभी तीन।**


Copyright – Drishti The Vision Foundation

**57. (c)**

**व्याख्या:** बजट 2024-25 में MSME क्षेत्र हेतु कई नए प्रावधान किये गए हैं। इनमें मशीनरी और उपकरणों के लिये बिना मध्यस्थ की गारंटी के टर्म लोन, सार्वजनिक बैंकों द्वारा MSME हेतु डिजिटल फुटप्रिंट आधारित ऋण मूल्यांकन, और आनबोर्डिंग के लिये टर्नओवर सीमा में कमी शामिल है। SIDBI की शाखाओं का विस्तार पहुंच और प्रत्यक्ष ऋण वितरण हेतु किया गया है। इसलिये सही विकल्प है (c) है।

**58. (c)**

**व्याख्या:** बहुआयामी भेद्यता सूचकांक की रचना संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा की गई है। यह सूचकांक देशों की भेद्यता को मापता है, जिसमें आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय कारक शामिल होते हैं। **इसलिये सही विकल्प है (c) है।**

**59. (d)**

**व्याख्या:** स्टेट ऑफ फूड सिक्योरिटी एंड न्यूट्रीशन इन द वर्ल्ड 2024 रिपोर्ट में तीन महत्त्वपूर्ण कथन शामिल हैं। पहले कथन के अनुसार, भारत में विश्व के सर्वाधिक कुपोषित व्यक्ति हैं। दूसरे कथन में कहा गया है कि भारत दक्षिण एशिया में सर्वाधिक कुपोषकों वाला देश है। तीसरे कथन के अनुसार, भारत में 50% से अधिक महिलाएँ एनीमिया से पीड़ित हैं। ये सभी कथन सही हैं। **इसलिये सही विकल्प है (d) 1, 2 और 3।**

**60. (a)**

**व्याख्या:** सकल पर्यावरण उत्पाद सूचकांक के चार स्तंभों में वायु, मृदा, वृक्ष, और जल शामिल हैं। हालाँकि, केरल इस सूचकांक को प्रारंभ करने वाला पहला भारतीय राज्य नहीं है। इसे प्रारंभ करने वाला पहला भारतीय राज्य उत्तराखंड है। **इसलिये सही विकल्प है (a) केवल 1।**

**61. (b)**

**व्याख्या:** संघ लोक सेवा के गठन में भारतीय संसद एक से अधिक अखिल भारतीय सेवाओं (न्यायिक सेवा सहित) का गठन कर सकती है। राज्य सभा को अनुच्छेद 312 के अंतर्गत नई अखिल भारतीय लोक सेवा के गठन हेतु निर्णायक अधिकार प्राप्त है। **इसलिये सही विकल्प है (b)**

**62. (a)**

**व्याख्या:** मुरादाबाद की पहाड़ी दिल्ली में, नंजरायण पक्षी अभयारण्य तमिलनाडु में और चूरलमाला वायनाड (केरल) में है। इन युग्मों में से केवल 1 सही हैं। **इसलिये सही विकल्प है (a) केवल एक।**

**63. (a)**

**व्याख्या:** फाइव हिल्स ट्रेनिंग एरिया का संबंध उलान बटोर (मंगोलिया) से है। यह एक महत्त्वपूर्ण सैन्य प्रशिक्षण क्षेत्र है। **इसलिये सही विकल्प है (a)।**

**64. (d)**

**व्याख्या:** सेंट मार्टिन द्वीप का प्रशासनिक क्षेत्राधिकार बांग्लादेश के अंतर्गत आता है। यह एक सुंदर द्वीप है जो बांग्लादेश के दक्षिण में स्थित है। **इसलिये सही विकल्प है (d) बांग्लादेश।**

**65. (c)**

**व्याख्या:** सेल्युलर जेल का निर्माण 1896 से 1906 के मध्य हुआ। इस जेल में आने वाला पहला राजनैतिक कैदियों का जत्था अलीपुर बम कांड से जुड़ा था। **इसलिये सही विकल्प है (c) 1 और 2 दोनों।**

**66. (b)**

**व्याख्या:** महाकवि भरतियार के नाम से लोकप्रिय होने वाले व्यक्ति सुब्रमण्यम् भारती हैं। वे एक प्रसिद्ध कवि और स्वतंत्रता सेनानी थे। **इसलिये सही विकल्प है (b) सुब्रमण्यम् भारती।**

**67. (a)**

**व्याख्या:** न्यूट्रिनो लंबी दूरी के संचार में सहायक प्रणाली के विकास में महत्त्वपूर्ण हैं क्योंकि यह पदार्थों के साथ सीमित अभिक्रिया करते हैं। अत: प्रेषित सिग्नल में हानि न्यूनतम होती है। **इसलिये सही विकल्प है (a) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है।**

**68. (b)**

**व्याख्या:** AI जनित अध्ययन सामाग्री के संदर्भ में, चैट-जीपीटी का निर्माण OpenAI द्वारा किया गया है, न कि मेटा द्वारा। AI वाटरमार्किंग कंटेट की वास्तविक उत्पादकता को चिह्नित करता है। **इसलिये सही विकल्प है (b) केवल 2।**

**69. (d)**

**व्याख्या:** चाल्कोजन पदार्थों में सल्फर, सेलेनियम, और टेल्युरियम ऑक्सीजन आदि शामिल हैं, **इसलिये सही विकल्प है (d)।**

**70. (b)**

**व्याख्या:** भारतीय कपास की ट्रेसबिलिटी, प्रमाणन और ब्रांडिंग हेतु कस्तूरी कॉटन पहल प्रारंभ की गई है। **इसलिये सही विकल्प है (b) कस्तूरी कॉटन।**


Copyright – Drishti The Vision Foundation

**71. (b)**

**व्याख्या:** 2024 में भारत ने अपना 78वाँ स्वतंत्रता दिवस मनाया। स्वतंत्रता दिवस का विषय हर साल बदलता है, और 2024 के लिये "विकसित भारत" इसका विषय है। **अतः सही विकल्प (b) है।**

**72. (a)**

**व्याख्या:** 78वें स्वतंत्रता दिवस पर दिये जाने वाले वीरता पुरस्कार-

- **कीर्ति चक्र:** तीन मरणोपरांत सहित चार कीर्ति चक्र प्रदान किये गए
- **शौर्य चक्र:** चार मरणोपरांत सहित 18 शौर्य चक्र प्रदान किये गए।
- **सेना पदक (वीरता):** एक बार टू सेना पदक (वीरता) तथा दो मरणोपरांत सहित 63 सेना पदक (वीरता) प्रदान किये गए।

**73. (b)**

**व्याख्या:** तरंग शक्ति अभ्यास के संदर्भ में निम्नलिखित कथन सही है

- "तरंग शक्ति" अभ्यास भारतीय वायु सेना (IAF) द्वारा आयोजित किया गया है, न कि भारतीय नौसेना द्वारा।
- IAF प्रमुख ने घोषणा की है कि "तरंग शक्ति" अब एक नियमित द्विवार्षिक अभ्यास होगा।

- अभ्यास में विभिन्न देशों की वायु सेनाएँ भाग ले रही हैं, लेकिन इसका मुख्य फोकस एशिया और अन्य भागीदार देशों पर है, जो कि अधिकतर पश्चिमी देशों के शामिल होने से हो रहा है।

**74. (c)**

**व्याख्या: 5000 किमी तक मार करने वाली मिसाइलें:** यह सही है। द्वितीय चरण की बैलेस्टिक मिसाइल रक्षा प्रणाली 5000 किमी वर्ग की मिसाइलों के खिलाफ रक्षा प्रदान करने में सक्षम है।

- **द्वि-चरणीय ठोस प्रणोदन वाली मिसाइलें:** यह भी सही है। यह प्रणाली द्वि-चरणीय ठोस-प्रणोदित, जमीन से प्रक्षिप्त की जाने वाली मिसाइलों को शामिल करती है, जो विभिन्न प्रकार की दुश्मन बैलेस्टिक मिसाइल खतरों को नष्ट करने के लिये डिज़ाइन की गई हैं।
- इसलिये, दोनों कथन सही हैं। **सही उत्तर है: 1 और 2 दोनों।**

**75. (b)**

**व्याख्या:** राष्ट्रीय युद्ध स्मारक विशेष रूप से उन सैनिकों के सम्मान में बनाया गया है जिन्होंने भारत-चीन युद्ध (1962), भारत-पाक युद्ध (1947, 1965, और 1971), श्रीलंका में भारतीय शांति सेना के अभियानों, और कारगिल संघर्ष (1999) में अपने प्राणों की आहुति दी है। हालाँकि, इसमें प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध के सैनिकों का उल्लेख नहीं किया गया है।

- राष्ट्रीय युद्ध स्मारक का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2019 में किया गया था और यह इंडिया गेट परिसर में स्थित है और सेंट्रल विस्टा परियोजना के अनुरूप है।

**76. (b)**

**व्याख्या:** फोर्ट सेंट जार्ज संग्रहालय (Fort St- George Museum) चेन्नई में अवस्थित है। यह संग्रहालय भारत के सबसे पुराने संग्रहालयों में से एक है, और इसमें ब्रिटिश राज के दौरान की वस्तुएँ और चित्र प्रदर्शित किये गए हैं। इसे 1948 में खोला गया था और यह फोर्ट सेंट जार्ज के परिसर में स्थित है, जो 17वीं सदी का एक ऐतिहासिक किला है।

**77. (b)**

**व्याख्या:** सिरेमिक आमतौर पर नॉन-मेटलिक होते हैं, लेकिन ये कार्बनिक पदार्थ नहीं होते। सिरेमिक पदार्थ मुख्यत: सिलिकेट्स और ऑक्साइड्स होते हैं, जो कि अकार्बनिक होते हैं। यह कथन सही नहीं है।

1. यह रासायनिक रूप से गैर-अभिक्रियाशील पदार्थ होता है।
   - यह कथन सही है। अधिकांश सिरेमिक्स रासायनिक रूप से स्थिर होते हैं और आमतौर पर एसिड या बेस के साथ प्रतिक्रिया नही।
2. ये पदार्थ उच्च तापमान पर अति चालकता का प्रदर्शन करते हैं।
   - यह कथन भी सही है। सिरेमिक्स आमतौर पर अच्छे इन्सुलेटर होते हैं, परंतु उच्च तापमान पर अतिचालकता प्रदर्शित करते है।
3. यह गैर-क्रिस्टलीय एवं क्षणभंगुर प्रकृति वाले पदार्थ होते हैं।
   - यह कथन सही नहीं है। सिरेमिक्स आमतौर पर क्रिस्टलीय होते हैं और इनमें क्रिस्टलीय संरचना होती है, जो इन्हें कठोर बनाती है। हालांकि, कुछ सिरेमिक्स में अपारदर्शी या क्षणभंगुर विशेषताएँ हो सकती हैं, लेकिन यह सभी पर लागू नहीं होता।

**इसलिये, सही उत्तर होगा केवल 2 और 3।**


Copyright – Drishti The Vision Foundation

**78. (c)**

**व्याख्या:** एट्रस्केन सभ्यता का संबंध टाइबर नदी घाटी क्षेत्र से है। यह सभ्यता प्राचीन इटली में विकसित हुई थी और इसकी सीमाएँ वर्तमान टस्कनी, लाजियो, और ऊम्म क्षेत्रों में फैली हुई थीं। एट्रस्केन सभ्यता ने रोम के विकास पर भी महत्त्वपूर्ण प्रभाव डाला।

- टाइबर नदी रोम के निकट बहती है और एट्रस्केन सभ्यता के लिये एक प्रमुख जल स्रोत था, जो व्यापार और परिवहन के लिये महत्त्वपूर्ण था। एट्रस्केन्स ने अपनी संस्कृति, कला, और वास्तुकला में कई विशेषताएँ विकसित कीं, जो बाद में रोमन सभ्यता में समाहित हो गईं।

**79. (c)**

**व्याख्या:** तिलक उग्रपंथी विचारधारा के प्रमुख नेता थे और उन्होंने कॉन्ग्रेस में अधिक स्वतंत्रता के लिये संघर्ष किया। यह कथन सही है।

- तिलक ने "स्वराज्य मेरा जन्म सिद्ध अधिकार है" का नारा दिया और पूर्ण स्वतंत्रता की मांग की। यह कथन भी सही है।
- तिलक ने डेक्कन एजुकेशन सोसाइटी की स्थापना का समर्थन किया था, और यह महाराष्ट्र में शिक्षा के प्रसार के लिये महत्त्वपूर्ण संगठन था। यह कथन गलत है।
- ब्रिटिश सरकार ने तिलक को "भारतीय अशांति का जनक" कहकर उन पर संदेह किया था। यह कथन सही है।

**80. (a)**

**व्याख्या:** लेस्टर बी पियर्सन (Nobel Peace Prize 1957) - वह कनाडा के प्रधानमंत्री थे।

- लेक वाल्सा (Nobel Peace Prize 1983) - वह पोलैंड के राष्ट्रपति थे।
- जोन्स रामोस-होर्ता (Nobel Peace Prize 1996) - वह पूर्वी तिमोर के राष्ट्रपति रहे हैं।

**81. (a)**

**व्याख्या:** शिक्षा मंत्रालय ने मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य उच्च शिक्षा में शिक्षकों की क्षमता को बढ़ाना है। यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (NEP 2020) के तहत पेश किया गया है और इसका लक्ष्य शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण विधियों, भारतीय मूल्यों, और समावेशी शिक्षा के साथ शिक्षण की गुणवत्ता को बेहतर बनाना है। इस मिशन के तहत शिक्षकों को प्रशिक्षण देने के लिये कई प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किये गए हैं।

**82. (a)**

**व्याख्या:** पोरजा जनजाति आंध्र प्रदेश में पाई जाती है - यह सही है।

- बगाटा जनजाति गुजरात की नहीं, बल्कि आंध्र प्रदेश और ओडिशा में पाई जाती है - यह गलत है।
- कोंडा डोरा जनजाति केरल में नहीं, बल्कि आंध्र प्रदेश में पाई जाती है - यह भी गलत है।

- **इसलिये, सही उत्तर है: (a) केवल एक युग्म सही सुमेलित है।**

**83. (b)**

**व्याख्या:** यह योजना भारत में प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा के उन्नयन हेतु योजना है- यह कथन गलत है। श्रेयस (SHREYAS) योजना का उद्देश्य उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे युवाओं को रोज़गार के अवसरों से जोड़ना और उन्हें अप्रेंटिसशिप (प्रशिक्षण) उपलब्ध कराना है। इसका संबंध प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा से नहीं है।

- इसके अंतर्गत अनुसूचित जातियों, अन्य पिछड़ा वर्ग और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है- यह कथन सही है। इस योजना का उद्देश्य अनुसूचित जातियों, अन्य पिछड़ा वर्ग, और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिये छात्रवृत्ति प्रदान करना है ताकि उन्हें रोज़गार-उन्मुख शिक्षा मिल सके।

**84. (d)**

**व्याख्या:** यह 12वीं सदी के दार्शनिक संत बसवन्ना के अनुयायी हैं - यह सही है। लिंगायत समुदाय के लोग संत बसवन्ना के अनुयायी हैं, जिन्होंने भक्ति आंदोलन के तहत एक विशिष्ट धार्मिक और सामाजिक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया था।

- इन्हें आधिकारिक रूप से हिंदू उपजाति 'वीरशैव लिंगायत' के रूप में वर्गीकृत किया गया है - यह सही है। लिंगायत समुदाय को अक्सर "वीरशैव लिंगायत" के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, हालाँकि समुदाय के भीतर वीरशैव और लिंगायतों के बीच विचारधारा का अंतर भी देखा गया है।
- पंचमसाली लिंगायत, लिंगायतों का सबसे बड़ा उपसमूह है- यह सही है। पंचमसाली लिंगायत लिंगायत समुदाय के भीतर सबसे बड़ा उपसमूह माना जाता है।
- यह समाज के उच्च वर्गीय जातियों से संबंधित समूह है- यह कथन सही नहीं है। लिंगायत समुदाय में विभिन्न सामाजिक और आर्थिक वर्गों के लोग शामिल हैं। इसे उच्च जाति के रूप में वर्गीकृत नहीं किया जा सकता, क्योंकि यह एक धार्मिक समुदाय है जिसमें विभिन्न सामाजिक पृष्ठभूमि के लोग होते हैं।


Copyright – Drishti The Vision Foundation

**85. (b)**

**व्याख्या:** शिवेलुच ज्वालामुखी रूस से संबंधित है। यह रूस के कामचटका प्रायद्वीप पर स्थित एक सक्रिय ज्वालामुखी है, जो हाल ही में अपने विस्फोटों के कारण चर्चा में रहा है।

**86. (a)**

**व्याख्या:** कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, और कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है, **इसलिये सही उत्तर विकल्प (a) है।**

- हाल ही में अंटार्कटिका में एक हीटवेव देखी गई है, जिसमें तापमान सामान्य से 50°F (लगभग 10°C) अधिक था। इस असामान्य हीटवेव का मुख्य कारण वहाँ के ध्रुवीय वोर्टेक्स का कमजोर होना और उसमें गर्म हवा का प्रवेश है, जिसे "सडन स्ट्रैटोस्फेरिक वार्मिंग" (SSW) कहा जाता है। इस प्रक्रिया ने वोर्टेक्स को बाधित किया, जिससे गर्मी बढ़ी और ठंडी हवा भूमध्य रेखा की ओर धकेली गई।

**87. (a)**

**व्याख्या:** ग्रेट बैरियर रीफ, दक्षिण-पूर्वी ऑस्ट्रेलिया के तट पर नहीं, बल्कि उत्तर-पूर्वी तट पर स्थित है। यह विश्व की सबसे बड़ी प्रवाल भित्ति है और लगभग 2,300 किलोमीटर तक फैली है।

**88. (c)**

**व्याख्या:** यह एशिया एवं प्रशांत क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन तथा आपदा जोखिम न्यूनीकरण हेतु एक स्वायत्त अंतर्राष्ट्रीय संगठन है। यह 1986 में स्थापित हुआ था और इसका उद्देश्य प्राकृतिक आपदाओं के जोखिम को कम करना और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटना है।

- भारत इसके संस्थापक सदस्यों में सम्मिलित है। ADPC के संस्थापक सदस्य देशों में भारत, बांग्लादेश, चीन, नेपाल, पाकिस्तान, फिलीपींस, श्रीलंका और थाईलैंड शामिल हैं।

**89. (a)**

**व्याख्या:** हाल ही में सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट की रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली में ग्राउंड-लेवल ओजोन अतिक्रमण के सर्वाधिक दिन (176 दिन) दर्ज किये गए हैं। इसके बाद मुंबई और पुणे में 138 दिन का अतिक्रमण पाया गया। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि ओजोन के स्तर में वृद्धि सभी प्रमुख भारतीय महानगरों में देखी गई है।

**90. (c)**

**व्याख्या:** यह पौधों की पोषक तत्व अवशोषण जैसी जैविक प्रक्रियाओं को बढ़ावा देते हैं। जैव उत्तेजक पौधों की वृद्धि और प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं, जिससे पोषक तत्त्वों का अधिक प्रभावी अवशोषण होता है।

- समुद्री शैवाल जैव उत्तेजकों के समृद्ध स्रोत होते हैं। - समुद्री शैवाल से प्राप्त जैव उत्तेजक पौधों के विकास में मददगार होते हैं और उनकी गुणवत्ता सुधारते हैं।
- हाल ही में सरकार ने शैवाल आधारित जैव उत्तेजकों को उर्वरक (नियंत्रण) आदेश, 1985 के अंतर्गत सम्मिलित किया है।

**91. (d)**

**व्याख्या:** महासागरीय परिसंचरण (ocean circulation) का क्षीण होना सदैव वायुमंडलीय $CO_2$ स्तर को कम नहीं करता। यह स्थिति जटिल होती है, और परिसंचरण के धीमे होने से $CO_2$ भंडारण की क्षमता प्रभावित हो सकती है, जिससे वायुमंडल में $CO_2$ की वृद्धि भी हो सकती है।

- ग्लोबल वार्मिंग महासागरीय परिसंचरण को प्रभावित करती है। बढ़ता तापमान महासागरों के तापमान और घनत्व को बदलता है, जिससे परिसंचरण कमजोर हो सकता है।

**92. (a)**

**व्याख्या:** वैज्ञानिकों ने वितलीय क्षेत्र (जहाँ सूर्य का प्रकाश अत्यंत कम है और प्रकाश संश्लेषण के लिये अपर्याप्त है) के कुछ क्षेत्रों में ऑक्सीजन की सांद्रता में अप्रत्याशित वृद्धि देखी।

- शोधकर्त्ताओं ने कहा कि यह खोज ऑक्सीजन के एक नए स्रोत का प्रतिनिधित्व करती है जहाँ प्रकाश संश्लेषण नहीं होता है, और इसे 'डार्क ऑक्सीजन' नाम दिया गया है।
- इस ऑक्सीजन उत्पादन के लिये एक परिकल्पना यह है कि बहुधात्विक ग्रंथिकाएँ (पॉलीमेटेलिक नोड्यूल्स) विद्युत आवेशों का परिवहन करते हैं जो जल के अणुओं का अपघटन करते हैं, जिससे ऑक्सीजन मुक्त होती है।

**93. (c)**

**व्याख्या:** लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान (SSLV) एक द्वि-चरणीय तरल प्रणोदन वाला यान नहीं है। SSLV ठोस प्रणोदन प्रणाली का उपयोग करता है।

- यह मिनी, माइक्रो और नैनो उपग्रहों के प्रक्षेपण के लिये उपयुक्त है।
- इसके द्वारा EOS-08 भू-अवलोकन उपग्रह को सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित किया गया है।

**इसलिये, सही उत्तर है: (c) केवल 2 और 3।**



Copyright – Drishti The Vision Foundation

94. (b)

**व्याख्या:** हेफ्लिक सीमा कोशिकाओं के विभाजन की अधिकतम संख्या को संदर्भित करती है। यह उस सीमा को दर्शाती है, जिसके बाद कायिक (सोमैटिक) कोशिकाएँ और विभाजित नहीं हो पातीं, और यह कोशिकाओं की प्राकृतिक उम्र बढ़ने की प्रक्रिया का हिस्सा है। इस सीमा को आमतौर पर लगभग 40-60 विभाजन के रूप में निर्धारित किया गया है।

- **इसलिये सही उत्तर है: (b) यह कोशिकाओं के विभाजन की अधिकतम संख्या को दर्शाती है।**

95. (b)

**व्याख्या:** डाक्स्वेयर (Doxware) सही है, क्योंकि यह संवेदनशील डेटा की चोरी और प्रकाशन से संबंधित है।

- वाईपर (Wiper) सही है। वाईपर रैंसमवेयर डेटा नष्ट करने के लिये जाना जाता है।
- स्केयरवेयर (Scareware) गलत है, क्योंकि यह सिर्फ उपयोगकर्ताओं को डराने के लिये फर्जी चेतावनियाँ दिखाता है और डेटा में विद्वेषपूर्ण संशोधन नहीं करता।

96. (a)

**व्याख्या: अहोम राजवंश के संदर्भ में:**

- कथन 1 सही है: इस राजवंश की स्थापना 13वीं सदी में किंग सुकफा द्वारा की गई थी, जिन्होंने असम में 600 वर्षों तक शासन किया।
- कथन 2 भी गलत है: चराइदेव मोइदम (मकबरे) अहोम राजाओं के लिये निर्मित अंतिम संस्कार के स्थल हैं, जो उनके पूर्वजों के लिये बनाए गए थे।

97. (b)

**व्याख्या:** गाजा पट्टी में स्थित तेल उम्म आमेर, चौथी शताब्दी ई.पू. का एक प्राचीन ईसाई मठ है। हिलारियन द ग्रेट (291-371 ई.) द्वारा स्थापित, इसे मिडिल ईस्ट में सबसे प्राचीन और सबसे बड़े मठवासी/मोनास्टिक समुदायों में से एक माना जाता है।

- **पुरातात्त्विक महत्त्व:** इस स्थल में पाँच क्रमिक चर्च, स्नान परिसर और अभयारण्य परिसर, ज्यामितीय मोजाइक एवं एक विशाल तहखाना सहित व्यापक खंडहर हैं। इसे अपने स्थापना काल से लेकर उमय्यद काल (661-750ई.) तक धार्मिक, सांस्कृतिक और आर्थिक गतिविधियों का केंद्र माना जाता रहा है।

98. (c)

**व्याख्या:** के. कलप्पन के संदर्भ में निम्नलिखित तथ्यों को संक्षेप में प्रस्तुत किया जा सकता है:

- केरल गांधी उपनाम से प्रसिद्ध हैं।
- वह नायर सभा के संस्थापक और पहले अध्यक्ष थे।
- उन्होंने गुरुवायुर सत्याग्रह में भाग लिया, जो दलितों के अधिकारों के लिये था।
- वह वायकोम सत्याग्रह में महत्त्वपूर्ण भागीदार थे।

99. (b)

**व्याख्या:** बाघेर योद्धा भारतीय उपमहाद्वीप में पारंपरिक रूप से जुझारू और बहादुर योद्धाओं के रूप में जाने जाते हैं। ये मुख्य रूप से राजस्थान और गुजरात के विभिन्न जनजातियों और समुदायों से संबंधित हैं। बाघेर योद्धाओं का इतिहास और पहचान शौर्य, युद्धकला और अपनी भूमि व समुदाय की रक्षा के लिये समर्पित वीर योद्धाओं के रूप में है।

- इनके प्रमुख नायक जोधा मानेक ने 1857 से 1859 तक राजा के रूप में शासन किया।

100. (b)

**व्याख्या:** स्वयं, शगुन पोर्टल, शालाकोश, सारांश, विभिन्न शैक्षिक एवं डिजिटल पहल हैं। इनमें से कुछ ई-लर्निंग परियोजनाएँ हैं जो छात्रों और शिक्षकों को ऑनलाइन शिक्षा और संसाधनों तक पहुँच प्रदान करती हैं।

1. स्वयं एक ई-लर्निंग पोर्टल है जो ऑनलाइन कोर्स प्रदान करता है।
2. शगुन पोर्टल शिक्षा में पारदर्शिता के लिये विकसित किया गया है।
3. शालाकोश स्कूलों की जानकारी का डेटाबेस है।
4. सारांश एक शैक्षिक डेटा प्रबंधन प्रणाली है।

- निशांत, और हंस भारत की वायु रक्षा प्रणाली से जुड़े है।
- **इसलिये, सही उत्तर है (b): 1, 2 3 और 4।**


Copyright – Drishti The Vision Foundation